YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 19.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए विवि में व्याख्यान आयोजित

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुपर्ना दत्ता मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक प्रोफेसर अमनदीप कौर ने किया।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ सुपर्ना दत्ता के साथ विद्यार्थियों एवं स्टाफ ● जागरण

डॉ. सुपर्ना दत्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने में व्यवहार परिवर्तन संचार की भूमिका व रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि व्यवहार परिवर्तन संचार एक लक्षित समूह के व्यवहार में वांछित परिवर्तन को समझने और व्यवहार में बदलाव लाने का एक माध्यम है। यह शिक्षा एवं संचार दोनों के बीच कड़ी का कार्य करता है। व्यवहार परिवर्तन संचार कार्यक्रमों द्वारा प्राप्त ज्ञान एवं कौशल से विद्यार्थी स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों से जुड़े सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से सीधे जुड़ सकते है, बल्कि यह विद्यार्थियों, शिक्षकों, कॉर्पोरेट क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के कार्यों करने वालों को देखने वाले, नागरिक सेवाओं से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों एवं इन सेवाओं के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए भी लाभदायक है। कार्यक्रम के दौरान बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नोएडा स्थिति विस्तार केंद्र के विद्यार्थियों ने व्यवहार परिवर्तन संचार से संबंधित अपने कार्यों तथा अनुभवों को भी साझा किया।

**NEWS CLIPPING: 19.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# समाज में बदलाव लाने का अहम माध्यम है 'व्यवहार परिवर्तन संचार': डॉ. सुपर्णा

फरीदाबाद, 18 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए 'व्यवहार परिवर्तन संचार' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मेसरा, रांची में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुपर्णा दत्ता मुख्य वक्ता रही तथा विद्यार्थियों को 'व्यवहार परिवर्तन संचार' से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक प्रोफेसर अमनदीप कौर ने किया।

इस अवसर पर आईटी व कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया तथा प्रो. मंजीत सिंह भी उपस्थित थे। डॉ. दत्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने में व्यवहार परिवर्तन संचार की भूमिका तथा रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि व्यवहार परिवर्तन संचार एक लक्षित समूह के व्यवहार में वांछित परिवर्तन को समझने तथा व्यवहार में बदलाव लाने का एक माध्यम है और यह शिक्षा एवं संचार दोनों के बीच कड़ी का कार्य करता है। व्यवहार परिवर्तन संचार कार्यक्रमों द्वारा प्राप्त ज्ञान एवं कौशल से विद्यार्थी स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों से जुड़े सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से सीधे जुड़ सकते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों, शिक्षकों, कॉर्पोरेट क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के कार्यों करने वालों को देखने वाले, नागरिक सेवाओं से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों एवं इन सेवाओं के इच्छुक अभियार्थियों के लिए भी लाभदायक हैं।



*कार्यक्रम में अतिथि को पौध देते हुए*

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 19 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27996624

**NEWS CLIPPING: 19.04.2018**

**AMAR UJALA**

## 'व्यवहार परिवर्तन संचार' विषय पर व्याख्यान

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए 'व्यवहार परिवर्तन संचार' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची की एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुपर्णा दत्ता मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को 'व्यवहार परिवर्तन संचार' से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक प्रो. अमनदीप कौर ने किया। इस अवसर पर आईटी व कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया उपस्थित रहे। ब्यूरो

**NAVBHARAT TIMES**

## जानकारी दी

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में पत्रकारिता व जनसंचार से संबंधित स्टूडेंट्स के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी रांची के असोसिएट प्रफेसर डॉ. सुपर्ना दत्ता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं।

**NEWS CLIPPING: 19.04.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# स्टूडेंट्स को व्यवहार परिवर्तन संचार के बारे में बताया

फरीदाबाद|वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए 'व्यवहार परिवर्तन संचार' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। विद्यार्थियों को 'व्यवहार परिवर्तन संचार' से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस मौके पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुपर्णा दत्ता मुख्य वक्ता थीं। डॉ. दत्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने और व्यवहार परिवर्तन संचार की भूमिका एवं रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि व्यवहार परिवर्तन संचार कार्यक्रमों द्वारा प्राप्त ज्ञान एवं कौशल से विद्यार्थी स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों से जुड़े सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से सीधे जुड़ सकते हैं। यह विद्यार्थियों, शिक्षकों, कार्पोरेट क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के कार्यों को करने वालों को देखने वाले, नागरिक सेवाओं से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों एवं इन सेवाओं के इच्छुक अभ्यार्थियों के लिए भी लाभदायक है। इससे वे समाज में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।